तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 17 अगस्त 2025



स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों के परिजनों का किया गया सम्मान।



## खबर संक्षेप

### वंदे मातरम मित्र मंडल की गोष्ठी आज

**बिलासपुर।** वंदे मातरम मित्र मंडल के चार वर्ष पूर्ण होने पर 17 अगस्त रविवार को शाम



4.59 पर लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसके मुख्य वक्ता भजपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव सुनील देवधर होंगे। जो हिन्दू राष्ट्र चुनौतियां और समाधान विषय पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक होंगे, विशिष्ट अतिथि क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी एवं महापौर पूजा विधानी होंगी। यह जानकारी मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन ने दी।

### डायबिटीज से मुक्ति पाने कार्यकम आज

**बिलासपुर।** मोटापा और डायविटीज से मुक्ति के प्राकृतिक तरीके पर जागरूकता कार्यकम का आयोजन 17 अगस्त रविवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक किया गया है। कोटयार्ड मेरियट 36 मॉल में हो रहे इस आयोजन का उद्देश्य मोटापा, डायबिटीज, डामनिटी से प्राकृतिक तरीके से मुक्ति पाने के उपायों की जानकारी देना है। जिससे औषधियों के चक्रयूह से हमेशा के लिए निकला जा सके। कार्यक्रम में डॉ राजेश सिंह गौतम एमडी डीएम नेफ्रोलॉजी उपस्थित लोगों को मोटापा और डायविटीज को लेकर जागरूक करेंगे।

### नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को

**बिलासपुर।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को होगा। यह अदालत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इस दौरान अधिक से अधिक प्रकरणों को सूचीबद्ध कर सुलझाने की योजना बनाई गई है। वादियों को भौतिक रूप से उपस्थित होकर या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई का विकल्प दिया जाएगा। इसमें व्यवहारिक, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्लेम, बैंक ऋण, बिजली-पानी बिल जैसे प्री-लिटिगेशन प्रकरण और वर्षों से लंबित मुकदमे रखे जाएंगे। आपराधिक मामलों में राजीनामा योग्य प्रकरणों को भी शामिल किया जाएगा। समन जारी कर पक्षकारों को बुला रहे हैं।

### कान्स्टेबल भर्ती परीक्षा 14 सितंबर को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यापमं की ओर से जिला पुलिस बल में कॉन्स्टेबल पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। लिखित परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की लिंक ओपन कर दी गई है। लिखित परीक्षा 14 सितंबर को ली जाएगी। कैंडिडेट 27 अगस्त शाम 5 बजे तक फॉर्म भर सकते हैं। प्रवेश पत्र 8 सितंबर को जारी कर दिए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर कार्य दिवसों में सुबह 10:00 से शाम 5:30 बजे (कार्यालयीन समय) के बीच 0771-2972780 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा छुट्टी के दिनों में मोबाइल नंबर 8269801982 पर समय सुबह 10:00 से शाम 6:30 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।अभ्यर्थियों को व्यापमं की वेबसाइट पर जाकर पहले रजिस्ट्रेशन (प्रोफाइल बनाना) करना होगा। केवल वे उम्मीदवार ही परीक्षा दे पाएंगे, जिन्होंने सफलतापूर्वक फॉर्म सबमिट किया होगा और शुल्क का भुगतान भी समय पर किया हो। फॉर्म भरने के बाद उसका प्रिंटआउट और पीडीएफ कॉपी अपने पास रखना होगा।

# 16 पंचायतों के हजारों किसानों का नाम और सैकड़ों एकड़ रकबा पोर्टल से गायब

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एग्रो स्टेक पोर्टल में भू-अभिलेख संबंधी जानकारी अपडेट नहीं होने की वजह से बड़ी तादाद में किसान एग्रोस्टेक पोर्टल में अपना पंजीयन नहीं करा पा रहे हैं।इसके लिए किसान लगातार परेशान हो रहें। खास तौर पर निगम में शामिल 16 पंचायतों के किसानों के नाम इस पोर्टल से गायब हो गए। इनमें अमेरी, उस्लापुर, सकरी, सैदा, तिफरा, सिरगिट्टी, मंगला, घुरू, तुरकाडीह, लोखंडी, परसदा, बनाकडीह, सिरगिट्टी, देवरीखुर्द, मोपका, चिल्हाटी, लिंगियाडीह, बिजौर, परसाही, बहतराई, खमतराई, कोनी, सेंदरी व बिरकोना शामिल हैं। इन सैकड़ों किसानों की परेशानी को सुनने वाला कोई नहीं हैं। किसानों का कहना है कि पंजीयन के लिए पोर्टल को अपडेट ही नहीं किया गया है। इसलिए यह पंचायते पोर्टल में ना तो निगम में दिख रहीं ना ही पंचायतों में। पोर्टल खोलने के बाद सबसे पहले बिलासपुर जिले का चयन किया जाता है। इसके बाद सब डिविजन के बाद गांव का चयन किया जाता है लेकिन सभी गांव गायब है। किसान संघ ने इस बारे में कलेक्टर से मुलाकात कर समस्या के हल की मांग की है।

छत्तीसगढ़ में एग्री स्टेक पोर्टल में भू-अभिलेख डेटा अपडेट नहीं होने के कारण हजारों किसानों को फार्मर आईडी के पंजीयन के लिए भटकना पड़ रहा है। ज्यादातर गांवों में वर्ष 2022 के बाद से जमीन संबंधी डेटा एग्रोस्टेक पोर्टल में अपडेट ही नहीं हो पाया है। इसके चलते राजस्व विभाग के अंतर्गत भुइंया पोर्टल में जमीन संबंधी डेटा अपडेट होने के बाद भी एग्रोस्टेक पोर्टल में पुराने डेटा ही दिखा रहा है। इस कार जिले भर के सैकड़ों किसान गंभीर तकनीकी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिससे वे सरकार की नई नीति पर सवाल उठा रहे हैं और वे डेटा अपडेट होने का इंतजार कर रहे हैं।



### किसानों की यह मांग

- फार्मर आईडी पोर्टल को भुइयाँ रिकॉर्ड से स्वतः लिंक किया जाए
- भूमि एक से अधिक स्थानों पर होने की स्थिति में आईडी का विस्तार किया जाए
- पंजीयन की समय सीमा को बढ़ाया जाए जब तक इसका स्थाई समाधान नहीं निकलता
- तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए जिला स्तर पर हेल्प डेस्क और विशेष शिविर आयोजित किए जाएं

» ज्यादातर गांवों में वर्ष 2022 के बाद से जमीन संबंधी डेटा एग्रोस्टेक पोर्टल में अपडेट ही नहीं हो पाया

» ना तो निगम में दिख रहीं ना ही पंचायतों में, बड़ी संख्या में किसान समर्थन मूल्य योजना से वंचित हो जाएंगे

### किसी प्रकार के संशोधन का विकल्प भी नहीं दिया गया

किसानों की यह भी शिकायत है कि एग्रोस्टेक पोर्टल में आईडी बनने के बाद उसमें किसी प्रकार के संशोधन का विकल्प भी नहीं दिया गया है जबकि पोर्टल में पंजीयन के बाद ही समर्थन मूल्य पर धान विक्रय व कृषक उन्नति योजना का लाभ लेने के लिए एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत किसानों के डेटा कैरी फॉरवर्ड किए जाएंगे। ज्ञात हो एग्रोस्टैक पोर्टल में किसानों का पंजीयन होने के बाद उन्हें एक फार्मर आईडी दी जाएगी। इस पोर्टल में किसानों द्वारा लगाई गई फसल के साथ-साथ उन्हें आवश्यक खाद व पानी की भी जानकारी मिलेगी। वहीं, किसानों को अब न केवल जमीन अपितु जमीन में लगाई फसल व उत्पादन के लिए आवश्यक बाजार उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी। इसका उद्देश्य है कि कृषि योजनाएं और नीतियां बेहतर तरीके से बनाई जा सकें।

### बी 1 भुइयाँ पोर्टल पर उपलब्ध, पोर्टल में रकबा नहीं



कई किसानों की शिकायत है कि उनकी भूमि का ऑनलाइन रिकॉर्ड बी 1 भुइयाँ पोर्टल पर उपलब्ध है, लेकिन एग्रोस्टेक पोर्टल पर नाम रकबा नहीं दिख रहा है। इससे पंजीयन की प्रक्रिया अधूरी रह जा रही है इसके साथ ही पंजीयन की समय सीमा 30 अगस्त तक कर दी गई है जिससे किसान समर्थन मूल्य पर धान विक्रय की पात्रता से वंचित हो सकते हैं। किसानों का कहना है कि यदि शासन समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं करता है, तो खरीफ सीजन में बड़ी संख्या में किसान समर्थन मूल्य योजना से वंचित हो सकते हैं, जिससे असंतोष और विरोध की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

### कई स्थानों में भूमि रखने वाले किसान असमंजस में

एक अन्य बड़ी समस्या यह भी है कि जिन किसानों की जमीनें एक से अधिक तहसीलों या जिलों में फैली हुई हैं, वे असमंजस में हैं कि क्या आधार कार्ड के आधार पर बने एक किसान आईडी से वे सभी स्थानों पर धान बेच पाएंगे या नहीं। शासन ने अभी तक इस पर स्पष्ट निर्देश नहीं दिए हैं। किसानों का कहना है कि यदि शासन एक ही स्थान की आईडी से दूसरे स्थान की उपज को मान्यता नहीं देता है, तो उन्हें धान विक्रय में कठिनाई होगी। इससे ऐसे किसान, जिनकी जमीन दो या अधिक स्थानों पर है, समर्थन मूल्य योजना का लाभ नहीं उठा पाएंगे। किसान माधो सिंह का कहना है कि एकीकृत किसान आईडी योजना अगर सही तरीके से लागू नहीं की गई, तो यह नीति किसानों के लिए राहत के बजाय परेशानी का कारण बन सकती है।

### कोई वंचित नहीं रहेगा

एक भी किसान पंजीयन से वंचित नहीं रहेंगे। जहां कहीं भी तकनीकि त्रुटि हो रही है उसे शासन स्तर से लेकर स्थानीय स्तर पर दूर किया जा रहा है। जिन किसानों के नाम पोर्टल में नहीं दिखाई दे रहे हैं उनकी अलग से आईडी बना दी जाएगी।

**- संजय अग्रवाल**
कलेक्टर, बिलासपुर

## बैराज की सुरक्षा पर लगी सेंध

# नट-बोल्ट तक हो चुके हैं गायब

- 128 करोड़ रूपए की लागत से अरपा नदी पर बन रहा पचरी शिवघाट बैराज

आसपास के युवक करते है स्टंट, सुरक्षा को लेकर बरती जा रही है लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करीब 128 करोड़ रूपए की लागत से अरपा नदी पर बन रहे पचरी व शिवघाट बैराज कबाड़ियों के निशाने पर हैं, बैराज की सुरक्षा पर सेंधमारी करते हुए स्ट्रक्चर से खिलवाड़ किया जा रहा है। हद यह है कि चोरों के द्वारा इसकी मजबूती के लिए लगाए गए नट बोल्ट तक चोरी किया जा रहा है, जिससे दुर्घटना का अंदेशा मंडराने लगा है।

शिवघाट और पचरी घाट में कई माह से बंद निर्माण कार्य अब शुरू हो चुका है, विभाग के अधिकारियों के अनुसार 20 फीसदी काम बाकी है, लेकिन 5 बार एक्सटेंशन और 5 साल बीतने के बाद भी काम पूरा नहीं हुआ है। यही कारण है कि बैराज का उपयोग पूर्ण रूप से नहीं किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर अब चोरों की नजर इसके स्ट्रक्चर पर पड़ चुकी है, चोरों के द्वारा स्ट्रक्चर पर लगे नट और बोल्ट तक चोरी किए रहे हैं। अब इसकी सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरती जा रही है, दरअसल बैराज अधूरा होने के कारण जलसंसाधन विभाग ने हैंडओवर नहीं लिया है, ऐसे में ठेकेदार की निगरानी पर ही निर्माण कार्य जारी है, लेकिन ठेकेदार द्वारा ना तो मौके पर सुरक्षा के लिए चौकीदार रखा गया है, और ना ही गार्ड मौजूद है।



शिवघाट बैराज की सुरक्षा के लिए लगाए गए नट बोल्ट चोरी हो गए।

### 5 साल में 5 एक्सटेंशन

साल 2020 में अरपा नदी पर दो बैराज बनाने की घोषणा की गई थी, इसे तत्कालीन सरकार ने प्रशासनीक और तकनीकी स्वीकृति देकर काम शुरू करा दिया है। करीब 100 करोड़ की स्वीकृति के साथ काम शुरू किया गया है, लेकिन 5 साल में इसकी लागत 28 करोड़ रूपए बढ़ गई और अब 128 करोड़ की लागत से काम जारी है। इस दौरान ठेकेदार को उपकृत करते हुए 5 बार एक्सटेंशन दिया गया है। विभाग की अफसरशाही और ठेकेदार की लापरवाही का नतीजा है कि दोनों बैराज अब तक अधूरे है।





### युवक करते है स्टंट

दोनों बैराज में शाम के समय युवकों का जमघट लगता है, युवक बैराज के स्ट्रक्चर पर चढ़ स्टंट करते है और रील्स बनाते है। खास बात यह है कि लोहे के बड़े-बड़े स्ट्रक्चर होने के बाद भी विभाग द्वारा सुरक्षा का इंतजाम नहीं किया गया है, इन युवकों को खदेड़ने की व्यवस्था तक नहीं है।

### गंभीर लापरवाही है

यह एक गंभीर लापरवाही है, इस तरह की चूक करने से बैराज के स्ट्रक्चर को नुकसान हो सकता है। ठेकेदार को इसके लिए ध्यान देना चाहिए। जानकारी मिलने के बाद जवाब-तलब किया जाएगा।

**- मधु चंद्रा,** ईई, जलसंसाधन विभाग

# 22 अवैध कब्जाधारियों ने रोकी बैराज की चाल

- नगर निगम ने कराया सर्वे, शासकीय भूमि पर अवैध तरीके से काबिज हैं सभी
- जल्द होगी बेदखली की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिंचाई विभाग द्वारा शिवघाट बैराज की टेस्टिंग के दौरान कुछ घरों में बैराज का पानी प्रवेश करने की सूचना के बाद नगर निगम द्वारा इसका व्यापक सर्वे कराया गया है। सर्वे से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन घरों में पानी का प्रवेश हुआ है, वे सभी घर शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर बनाए गए हैं। ऐसे घरों की संख्या 22 बताई गई है। जल्द ही इन सभी घरों को यहां से हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

शिवघाट बराज की टेस्टिंग के दौरान आसपास के कुछ घरों में पानी प्रवेश करने के बाद इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सिंचाई विभाग एवं नगर निगम द्वारा इसका विधिवत सर्वे कराया गया है। सर्वे में 22 मकानों में पानी प्रवेश करने की जानकारी सामने आई है। इन सभी मकानों की जांच-पड़ताल कराई गई, जिसमें सारे मकानों को शासकीय भूमि में बेजा-कब्जा कर अवैध तरीके से बनाना पाया गया। विभागीय जानकारी के अनुसार कुछ मकान बैराज से सटाकर भी बनाए गए हैं, जो अभी हाल ही के हैं। अब नगर निगम प्रशासन द्वारा इन सभी मकानों की तत्काल प्रभाव से शिफ्टिंग करने की तैयारी की जा रही है।

### अतिक्रमण हटाना पड़ेगा

हमने सर्वे करवा लिया है। वह शासकीय भूमि है, जिस पर सभी अवैध कब्जा कर काबिज हैं। अतिक्रमण तो हटाना ही पड़ेगा। प्रयास किया जाएगा कि इन्हें भी आवास उपलब्ध हो जाए।

**- अमित कुमार,** कमिश्नर नगर निगम

### निगम को दी गई थी सूचना

शिवघाट बैराज की टेस्टिंग के दौरान कुछ घरों में पानी प्रवेश करने की सूचना नगर निगम प्रशासन को दी गई थी। निगम द्वारा कराए गए सर्वे में 22 लोगों द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से काबिज होने की बात सामने आई है। इन्हें अन्यत्र शिफ्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। नदी में अक्टूबर माह तक बहाव रहता है। बैराज में जलभराव में कोई दिक्कत नहीं आएगी।

**- मधु कुमार चंद्रा,** ईई
खारंग जलसंसाधन संभाग

# मटकी फोड़ने के दौरान विवाद युवक के सर पर चाकू मारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शनिवार रात जहां सारा शहर जन्माष्टमी पर्व पर भक्ति में डूबा था उसी दौरान मटकी फोड़ने के दौरान हुए विवाद में युवक के सर पर चाकू से वार कर घायल कर दिया गया। हमले में घायल युवक ने पुलिस में इसकी रिपोर्ट दर्ज करवाई है।



मामला सरकंडा थाना अंतर्गत मोपका चौकी क्षेत्र का है। जन्माष्टमी पर युवा बाजे गाजे के साथ मटकी फोड़ने में जुटे थे। इसी दौरान बीस वर्षीय आदित्य मिरी पिता विजेंद्र मिरी का किसी बात को लेकर अन्य युवकों से विवाद हो गया। विवाद होने पर युवकों ने आदित्य के साथ मारपीट करते हुए सर पर चाकू से हमला कर कर दिया।

घायल होने के बाद खून से लथपथ आदित्य सरकंडा थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस घायल युवक को मुलाहिजा के लिए रवाना कर कार्यवाही में जुट गई। इस संबंध में मोपका चौकी प्रभारी भावेश शेंडे ने बताया कि युवक से मारपीट की सूचना मिली है,पर सर पर किससे हमला किया गया यह अभी स्पष्ट नहीं है। जांच के बाद यह स्पष्ट किया जा सकेगा।

## 16 हजार 8 सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया एडमिशन, फर्स्ट ईयर में कुल 33 हजार 750 सीटें

# एडमिशन की तिथि समाप्त, कालेजों में खाली रह गईं फर्स्ट ईयर की 50 फीसदी सीटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कालेजों में एडमिशन की तिथि समाप्त हो गई है और अभी भी अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में फर्स्ट ईयर, सेमेस्टर की लगभग आधा सीटें खाली रह गई हैं। फर्स्ट ईयर में यूनिवर्सिटी अंतर्गत कालेजों में कुल 33 हजार 750 सीटें हैं, जिनमें से 16 हजार 800 से अधिक सीटों पर एडमिशन हो पाया है, जबकि कुछ कालेजों ने अभी पोर्टल लॉक नहीं किया है, जिससे प्रवेश का कुछ और आंकड़ा बढ़ सकता है।

उच्च शिक्षा विभाग और आगे प्रवेश की तिथि बढ़ाएगी कि नहीं इस पर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है और न कोई निर्देश आया है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के आधार पर 31 जुलाई तक फर्स्ट ईयर में प्रवेश दिया गया। इस बीच कालेजों में मेरिट आधार पर चार बार एडमिशन के लिए लिस्ट निकाली गई। इसके बाद यूनिवर्सिटी के कुलपति के अनुमति से रिक्त सीटों पर कालेजों में 14 अगस्त तक एडमिशन दिया गया, वह तिथि भी समाप्त हो गई है। इस बार फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए अटल यूनिवर्सिटी के पोर्टल में 16 जून से आनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ था और बीच-बीच में यूनिवर्सिटी द्वारा रजिस्ट्रेशन के लिए फिर से पोर्टल ओपन किया गया था। इस तरह करीब डेढ़ माह तक कालेजों में एडमिशन की प्रक्रिया चलती रही, उसके बाद फर्स्ट ईयर की लगभग आधी सीट खाली रह गई है। फर्स्ट ईयर में कालेजों में 33 हजार 750 सीटें हैं, जिनमें से अभी तक जो आंकड़ा आया है उसके तहत 16 हजार 800 से अधिक छात्र-छात्राओं ने एडमिशन लिया है। अभी कुछ कालेजों ने प्रवेश पोर्टल लॉक नहीं किया है, जिससे उनका वास्तविक आंकड़ा आना बाकी है। इसलिए यह माना जा रहा है कि प्रवेश का आंकड़ा कुछ और बढ़ सकता है।



### फर्स्ट ईयर की पाठयक्रमवार कुल सीटें

| | | |
|---|---|---|
| बीए | — | 11825 सीटें |
| बीकॉम | — | 7545 सीटें |
| बीएससी बायो | — | 7318 सीटें |
| बीएससी गणित | — | 4427 सीटें |
| बीसीए | — | 1685 सीटें |
| बीबीए | — | 810 सीटें |
| डीसीए | — | 2170 सीटें |

### फर्स्ट ईयर के लिए 65 हजार 900 रजिस्ट्रेशन

अटल यूनिवर्सिटी के प्रवेश पोर्टल में फर्स्ट ईयर के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया गया। यूनिवर्सिटी द्वारा तीन-चार बार पोर्टल आनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए ओपन किया गया था। इसमें लगभग 65 हजार 900 रजिस्ट्रेशन फर्स्ट ईयर के विभिन्न पाठयक्रमों के लिए हुआ। एक-एक स्टूडेंट ने तीन-चार रजिस्ट्रेशन कराया था। इससे एडमिशन लेने वाले छात्र-छात्राओं के मुकाबले रजिस्ट्रेशन की संख्या अधिक है।

### 16 हजार से अधिक सीटें खाली

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध 125 कालेजों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इन कालेजों में फर्स्ट ईयर की 33 हजार 750 सीटें हैं, जिनमें से 16 हजार से अधिक सीटें रिक्त रह गई हैं। कालेजों द्वारा प्रवेश का पोर्टल क्लोज किए जाने के बाद वास्तविक आंकड़ा आएगा। प्रवेश प्रक्रिया तहत कालेजों में पहली मेरिट लिस्ट 2 जुलाई को जारी हुई थी, जिस पर 8 जुलाई तक एडमिशन दिया गया। उसके बाद दूसरी मेरिट लिस्ट 9 जुलाई को निकाली गई थी, जिसपर 15 जुलाई तक एडमिशन चला। कालेजों द्वारा तीसरी मेरिट लिस्ट 16 जुलाई को निकाली गई, जिसपर 22 जुलाई तक एडमिशन दिया गया। 23 जुलाई को चौथी मेरिट लिस्ट निकाली गई थी और 30 जुलाई तक एडमिशन दिया जाएगा। इसके पश्चात कुलपति ने कालेजों के प्राचार्यो को रिक्त सीटों पर एडमिशन देने के लिए अधिकृत कर दिया था, जिसपर 14 अगस्त तक एडमिशन चला।

16 Aug- JASH TO BILASPUR Bhoomi pg-2_Layout 1 8/16/2025 8:05 PM Page 1












Customised Homes & Plots Available in Bilaspur

*T&C Apply

Book your private walkthrough today.

CALL: 97557 93333 | 97552 93333

SITE ADDRESS: Swarnima Era, Beside Geetanjali City Phase 2, Bahtarai Road, Bilaspur(C.G.)

Rera no. PCGRERA250221001201
www.rera.cgstate.gov.in

Shrine +91 98337 11720
































# जन्माष्टमी की धूम, जगह-जगह फोड़ी मटकी

**इस साल भी शहर में जन्माष्टमी पर्व शनिवार को उत्साह से मनाया गया। श्री व्यंकटेश मंदिर, श्री श्याम मंदिरों में भगवान का दर्शन पूजन करने श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ रही। महिलाएं, युवतियां भगवान को मोर पंख, गुलाब, बांसुरी सहित प्रसाद अर्पित करते रहे। इस्कान बिलासपुर ने जन्माष्टमी विविध कार्यक्रम आयोजित कर पर्व को खास बनाया। श्री श्याम मंदिर में भगवान श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण का जन्म द्वापर युग में भाद्रपद मास की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में हुआ था। भगवान श्रीकृष्ण का यह 5252वां जन्मोत्सव मनाया गया। इस दिन रोहिणी नक्षत्र का संयोग बना रहा। इस उत्सव को लेकर शहरवासियों में काफी उत्साह रहा। पूजा, झांकी से संबंधित चीजें खरीदने बाजार में भारी भीड़ रही।

बच्चों को पहनाने भगवान श्रीकृष्ण का ड्रेस खूब बिका। विक्रेता प्रतिभा सागर ने बताया कि लड्डू गोपाल का पोशाक व उनके श्रृंगार सामग्री, मटकी की काफी मांग रही। फूल बाजार भी गुलजार रहा। लोग फूलों की माला, गुलाब फूल की खरीददारी करते रहे। करोना चौक, सरकंडा सहित कई स्थानों में युवाओं के दल ने मटकी फोड़ी।



## व्यंकटेश मंदिर में झूला उत्सव का समापन, देर रात तक भक्तों का तांता

श्री व्यंकटेश मंदिर में नागपंचमी के दिन से आरंभ झूला उत्सव का समापन जन्माष्टमी के कृष्ण जन्मोत्सव के साथ हुआ। सुबह साढ़े 5 बजे भगवान का उत्थापन आरती की गई। अभिषेक कर भगवान को नए वस्त्र पहनाए गए। फिर भक्तों ने भगवान का दर्शन किया। शाम 6 बजे श्रृंगार आरती कर भगवान को झूले में बैठाया गया। इसके बाद सुमधुर शास्त्रीय भजन कीर्तन रात्रि 12 बजे तक चलता रहा।



इसमें विभिन्न जगहों से आए भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुति दी। रात्रि के ठीक 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव श्रद्धालु भक्तों की भारी उपस्थिति के बीच मनाया गया। अंत में महाआरती कर रात्रि में मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर परिसर को फूलों व झालरों से सजाया गया।

## कृष्ण सजाओ स्पर्धा में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा





घोंघाबाबा परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता दोपहर 3 से 6 बजे तक चली। शाम सात बजे से भजन संध्या आयोजित की गई। इसमें अकोला से आए गायक कलाकार उमेश शर्मा एवं नेतल शर्मा ने भगवान कृष्ण व श्याम पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी। आयोजन को सफल बनाने में जय श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

## कृष्ण-यशोदा रूप सज्जा में गायत्री, हरेंद्र रहे प्रथम



संस्कार भारती एवं महर्षि विद्या मंदिर मंगला बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में जन्माष्टमी पर श्री कृष्ण-यशोदा रूप सज्जा का आयोजन गजानन वासुदेव फड़के जिला अध्यक्ष संस्कार भारती, सुश्री मोना केंवट कार्यक्रम अधिकारी एवं रीना सिंह प्राचार्य के आतिथ्य में विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लड्डू गोपाल का विधिवत पूजन कर किया गया। अतिथियों के स्वागत बाद विद्यालय के बच्चों ने श्रीकृष्ण भजन-अच्युतम केशवम की संगीतमयी प्रस्तुति दी।

## शांतिनिकेतन स्कूल में जन्माष्टमी मनी



शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल दयालबंद में जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया साथ ही बॉसूरी एवं मटकी सजावट तथा राधाकृष्ण बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राधाकृष्ण बनो प्रतियोगिता में नाहन खोटे ने नर्सरी से 2रीं तक के बच्चों के समूह में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 5वीं तक के बच्चों के समूह में प्रथम द्वितीय मंकिरत ने प्राप्त किया। कक्षा 6वीं से 8वीं तक के समूह के विद्यार्थियों में प्रथम मोडांश शर्मा ने स्थान प्राप्त किया। मटकी सजावट प्रतियोगिता में प्रथम समूह के विद्यार्थियों ने थामीनी-प्रथम तथा द्वितीय समूह में कश्यप कृष्ण बनो प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय समूह में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों में प्रथम भावेश ने प्राप्त किया। भजन कीर्तन के साथ राधा-कृष्ण की पूजा की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया।



## मलखंभ मटकी फोड़ने युवाओं में उत्साह

स्वर्गीय कमल किशोर अग्रवाल की पुण्य स्मृति में मलखंभ मटकी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन कारोना चौक में लगातार 41 वर्षों से परंपरा के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएमडी चेयरमैन संजय दुबे,सराफा संघ के अध्यक्ष कमल सोनी शामिल हुए। आयोजन के दौरान युवाओं ने पारंपरिक खेल मलखम मटकी में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने मटकी फोड़ने के लिए एकजुट होकर मानवीय पिरामिड बनाते हुए रोमांचक नजारा प्रस्तुत किया।



राजकिशोर नगर स्थित शिव अनुराग भवन में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। इस अवसर पर मंजू दीदी ने आर्शीवचन दिए।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर यादव समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर जिला यादव समाज ने आकर्षक झांकी के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली जो कि लाल बहादुर शास्त्री स्कूल से गोल बाजार, सदर बाजार, देवकीनंदन चौक, पोस्ट ऑफिस होते हुए बीआर यादव की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। इसके बाद लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में महाआरती कर शोभायात्रा का समापन किया गया।

महाआरती में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक उपस्थित रहे। गोल बाजार चौक में अमर अग्रवाल के मार्गदर्शन में पार्षद रंगा नादम, पंकज तिवारी, मंडल अध्यक्ष बबलू कश्यप ने जूस और पानी का वितरण किया। सदर बाजार चौक में राष्ट्रीय स्वयं सेवक की तरफ से प्रदीप शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, माधव शर्मा, कमल सोनी प्रदेश अध्यक्ष सराफा एसोसिएशन, सिम्स चौक लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास गोपाल यादव ने शोभायात्रा स्वागत किया। संतोष भुवन के पास कान्हा यादव की स्मृति में दीपक यादव, विक्की यादव ने फल का वितरण किया। मंच में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, सिद्धांशु मिश्रा ने स्वागत किया। देवकीनंदन चौक में क्षत्रिय समाज ने स्वागत कर जूस का वितरण किया। झांकी में राधा-कृष्ण, एक पेड़ मां के नाम, अहीर रेजीमेंट की मांग, गाय चराते हुए कान्हा की झांकी दर्शनीय रही। इस मौके पर कालीचरण यादव, धन्नू, मंत्र राम, मनी राम, बुधराम, रामलाल, लल्लू, दिनेश, विष्णु यादव, जसवंत, रामचंद्र, शैलेंद्र यादव, रामशरण, सोमनाथ, भुनेश्वर, विजय, कीर्ति, दुर्गेश यदु, नंदू यादव, शरद, अमित, अनिल, गौरीशंकर, धनंजय, ईश्वर, रामप्रसाद, रामफल, विक्की, छोटू, पुकार, मंजीत, भोला, विकास, राहुल, विलास, सुन्नी, शुभम, संदीप, रंजीत, आकाश, सरजू, अजय, डीसी यादव, राज यादव राजू, संतोष, शंकर, टीकाराम, नंदकिशोर, आशीष, तेरस, नरेंद्र, कृष, प्रकाश, संजय, कार्तिक, गीता, सरिता, विनीता, प्रियंका, पुष्पा, मनोरमा, दीपशिखा, मीनाक्षी, सीमा, बीना, शिवकुमारी, दीपा, अंकिता, सरिता, मनेंद्र, सुनीता, शुभ यादव, सुनील, गोलू, रेवती, आशा, जागेश्वर, श्रीराम, ललित, विश्वनाथ, गरीबा, संतोष, शिव चरण, दुर्गा, हर्षलता, कृष्ण, अशोक, वासुदेव, शिवशंकर, अभिलेश यादव सहित हजारों की संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित रहे।



## वृंदावन की तर्ज पर बिखरी छटा



इस्कॉन विलासपुर ने इस वर्ष की जन्माष्टमी महामहोत्सव श्रीधाम वृन्दावन की तर्ज पर मनाया। भगवान राधा-कृष्ण का श्रृंगार कोलकाता से मंगाए गए फूलों व वृंदावन, मायापुर के पोशाक से किया गया। कार्यक्रम के तहत प्रातः 9 से 11 बजे एवं संध्या 7 से रात्रि 8 बजे कृष्ण जन्मोत्सव कथा हुई। महाअभिषेक संध्या व भगवत नाम जप संध्या 5 से रात्रि 11 बजे तक हुई। पंचगव्य पंचामृत अभिषेक व सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या 6 से रात्रि 11 बजे तक चला। श्रृंगार दर्शन मध्य रात्रि 12 बजे से हुआ। महाआरती कर छप्पन भोग लगाए गए। श्री भगवान के जन्म उपरान्त विशेष दान महाअभिषेक सेवा, भोजन प्रसाद सेवा, फूल बंगला सेवा, छप्पन भोग सेवा, भगवान के वस्त्र व आभूषण सेवा, ब्राह्मणों को वस्त्र दान, गीता दान, भागवतम दान किया गया। श्यामा हृदय कमल सो प्रकटयो, वृन्दावन प्यारो वृन्दावन, वृन्दावन मेरो वृन्दावन... की भक्तिमय धुन से माहौल सराबोर रहा।



## शोभायात्रा का विधायकों ने किया स्वागत

यादव समाज बिलासपुर द्वारा जनमाष्टमी पर निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत विधायक अटल श्रीवास्तव कोटा, विधायक दिलीप लहरिया मस्तूरी, पूर्व उपाध्यक्ष अरपा विकास प्राधिकरण अभयनारायण राय ने स्थानीय राघवेन्द्र राव सभा भवन के सामने मंच पर उपस्थित होकर किया एवं युवा कार्यकर्ताओ के आग्रह पर रैली में भाग लिया। विधायक श्री श्रीवास्तव ने यादव समाज की एकजुटता एवं अनुशासित रैली को लेकर बधाई दी एवं कामना की कि भगवान श्रीकृष्ण का आर्शीवाद यादव समाज सहित पूरे बिलासपुर को मिलता रहे। विधायक श्री लहरिया ने भी समाज के लोगों को पर्व की बधाई दी।



## सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज ने किया स्वागत

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर यादव समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई, शोभायात्रा का स्वागत सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज के द्वारा किया गया। स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश सिंह बिसेन, प्रियंक सिंह परिहार, चित्तू ठाकुर, प्रकाश सिंह ठाकुर, विक्रम सिंह, राजेंद्र सिंह,संजू ठाकुर,अतुल सिंह,बसंत प्रताप सिंह, कमल सिंह,रौशन सिंह,नीटू परिहार,महेश सिंह, गैरव सिंह ठाकुर,सत्येंद्र सिंह, मयंक गौतम, आकाश सिंह, उदित सिंह, दुष्यंत सिंह, रुद्र सिंह उपस्थित रहें।


बड़े भैय्या राजेन्द्र शुक्ला जी
पूर्व अध्यक्ष- जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण, बिलासपुर
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
HAPPY BIRTHDAY
16 अगस्त
शिव यादव
पूर्व नेता प्रतिपक्ष, नगर पालिका तिफरा
संयुक्त महामंत्री- शहर कांग्रेस कमेटी बिलासपुर
हमर बिल्हा, हमार राजेन्द्र शुक्ला



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती हुलसी रघु वैष्णव
अध्यक्ष- नगर पंचायत पथरिया
रघु वैष्णव
विधायक प्रतिनिधि- नगर पंचायत पथरिया
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मनोज पांडेय
उपाध्यक्ष, नगर पंचायत पथरिया
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिशंकर वर्मा
भाजपा नेता
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती शशिप्रभा शर्मा
सरपंच
ब्रजवल्लभ शर्मा
सरपंच प्रतिनिधि
अभिलाष त्रिवेदी
भाजपा मंडल अध्यक्ष
मूलचंद पटेल
सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत जेवरा
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत तर्किडीह
रैमन साहू
सरपंच
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
ममता कुर्रे
सरपंच
बैना नेतराम यदु
उपसरपंच
रमीज कुर्रे
सरपंच प्रतिनिधि
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत बदरा ठाकुर
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
वंदे मातरम
सोनिया बाई ध्रुव
सरपंच
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत ककेड़ी
उत्तम कुमार ध्रुव
सचिव
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शोभा मानिकपुरी
सरपंच
परमानंद मानिकपुरी
सरपंच प्रतिनिधि
कुंजराम वर्मा
सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत सकेरी
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जुगरी बाई कुर्रे
सरपंच
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत सोढ़ी नि.
राजू सिंह क्षत्रिय
सचिव
कुसुम शिक्षण समिति द्वारा संचालित
आर.के. मेमोरियल जय भारत पब्लिक स्कूल
(कक्षा नर्सरी से आठवीं तक, हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम)
की ओर से 79 वें स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
संचालक - दिलीप सोनवानी मो. न. 8817752001
पता - विद्युत सब स्टेशन के पास
सिलदहा वि. ख. पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
15 अगस्त
ब्रिलियन्ट किड्स पब्लिक स्कूल पथरगढ़ी व संस्कार विद्या मंदिर पड़ियाईन
एन. के. एजुकेशनल एकेडमी स्कूल
(कक्षा नर्सरी से आठवीं तक / हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम)
की ओर से समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संचालक
नर्बद कुमार कश्यप मोबा. 7398439949
पता-कॉलेज के पास पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत सांवा
रमशिला लोधी
सरपंच
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्याम लाल
सरपंच
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत दौना
रमेश कुमार लहरे
सचिव
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती आशा रात्रे
सरपंच
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत कंचनपुर
खेलू राम ध्रुव
सचिव
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती रानू पटेल
सरपंच
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत भिलाई
भुनेश्वर पटेल
सचिव
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
वंदे मातरम
राजेन्द्र सिंह लोधी
सरपंच
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत अमलडिहा
नागेन्द्र सिंगरौल
सचिव
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अनुविभागीय अधिकारी
लोक निर्माण विभाग, पथरिया
जिला-मुंगेली (छ.ग.)
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
नारायण राजपूत
सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत घुठेली
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संतोषी टण्डन
सरपंच
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत पेंड्रीकापा
शत्रुहन साहू
सचिव
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत बेलखुरी
श्रीमती शशि राजपूत
सरपंच
चैताराम राजपूत
सरपंच प्रतिनिधि
खांडेराम जांगड़े
सचिव
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विकासखंड शिक्षा अधिकारी पथरिया
विनीत
डॉ. प्रतिभा मण्डलोई
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
निलमणी चौहान
सरपंच
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत पौंसरी
रौशन डहरिया
सचिव
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती साधना साहू
सरपंच
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत खपरी
नंदलाल राजपूत
सचिव
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती मनीषा डहरिया
सरपंच
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत बगबुड़वा
विवेक राज
सरपंच प्रतिनिधि
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत गोईन्दा
बलराम टोण्डे
सरपंच
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जवाहर लाल ध्रुव
सरपंच- ग्राम पंचायत जोता
प्रेम प्रकाश राजपूत
उपसरपंच- ग्राम पंचायत जोता
राजकुमार यादव
सचिव
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सहदेव वर्मा
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति सिलदहा
जीवन लाल लहरी
प्रभारी प्रबंधक
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरवंश कुमार वर्मा
अध्यक्ष- सेवा सहकारी समिति सिलतरा विकासखण्ड पथरिया
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
गुना राम निर्मलकर
अध्यक्ष
शालेय शिक्षक संघ पथरिया
संकलनकर्ता
रवि निर्मलकर
हरिभूमि प्रतिनिधि पथरिया
मो. 9340027835, मो. 9752961085


SAMSUNG
19 YEARS
Global No.1 TV
BIG celebration.
BIGGER screen.
1 - 31 अगस्त 2025
Samsung Vision AI
Universal Gestures**
Generative Wallpaper^^
100QN80F
98DU9000
AI
ऑसम इंडिया ऑफर्स*
मुफ्त साउंडबार ₹ 92990 मूल्य का (1 यूनिट)
3 साल की वारंटी***
0 डाउन पेमेंट
सबसे कम EMI ₹ 2990^ से शुरू 30 महीने^^ तक
20% तक का कैशबैक* + 10% अतिरिक्त कैशबैक Samsung Axis Bank क्रेडिट कार्ड^ पर
Crystal UHD
75U8000F
Get up to 7.5% cashback*
MRP ₹ 124900 Special promo price ₹ 99990 (1 unit)
75LS03F
Get* Soundbar (QS700F) worth ₹ 35990 (1 unit)
Get up to 10% cashback*
MRP ₹ 329900 Special promo price ₹ 264990 (1 unit)
OLED
65S90F
Get up to 10% cashback*
MRP ₹ 249900 Special promo price ₹ 192490 (1 unit)
OLED
55S90F
Get up to 7.5% cashback*
MRP ₹ 194900 Special promo price ₹ 149990 (1 unit)
QLED
65Q8F
Get up to 7.5% cashback*
MRP ₹ 147900 Special promo price ₹ 111990 (1 unit)
QLED
55Q7F
Get up to 7.5% cashback*
MRP ₹ 87900 Special promo price ₹ 63990 (1 unit)
Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 1800 5 7267864 for information on e-waste/plastic waste pick up.
Image simulated for representational purposes only. Global No.1 Source – Omdia, Feb 2025. Results are not an endorsement of Samsung. Vision AI is only applicable on F series models. **Universal Gestures works with Galaxy Watch 4 and higher/ Wear OS 5 and higher. Galaxy Watch is sold separately. ^^The number of attempts allowed per day may be limited. *T&C apply. Products sold separately. Viewing experience may vary according to types of content and format. *Stated offer is applicable on select TVs. Offer may be revised/withdrawn without prior notice. Prices stated above are inclusive of all taxes. Samsung disclaims all claims and losses arising out of it. ***For more details on 3 year warranty, visit: https://images.samsung.com/is/content/samsung/assets/in/tnc/I-Day-2025-TV-3-year-warranty.pdf. ^EMI offer applicable on 1m 38cm and above TV with MSME scheme with Bajaj Finance. ^^EMI tenure of 30 months is applicable on Neo QLED/ OLED/ 2m 47cm + TVs. EMI at the sole discretion of the financiers. Samsung disclaims any liabilities with the same. *Cashback at sole discretion of Bank/NBFCs and subject to maximum capping limit.Financier's terms & conditions shall apply. Samsung disclaims all claims and losses arising out of it. ^10% cashback applicable as per limits: Infinite variant: ₹ 5000 monthly, ₹ 20000 annually, Signature variant: ₹ 2500 monthly, ₹ 10000 annually. Samsung promotes responsible use of AI features. A Samsung account login may be required to access some or certain features of AI. For more details, visit https://www.samsung.com/in
samsung.com
Scan to know more
अमित सेल्स
श्रीकांत वर्मा मार्ग, मौसाजी होटल के पास, बिलासपुर. फोन: 8818800072
आज शोरूम खुला रहेगा

खबर संक्षेप

## तिरंगा साड़ी पहनकर पहुंची महिला समिति की अनूठी पहल



**बिल्हा।** विकासखंड स्तरीय तिरंगा यात्रा पर बिल्हा नगर की पंजाबी महिला समिति के द्वारा एक अनूठी पहल की गई, जिसमें नगर की महिलाएं तिरंगा रंग के पोशाक में आईं और देश भक्ति गीतों के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का आगाज किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं रखी गई थी। विजयी प्रतिभागियों में खुशबू बग्गा ने प्रथम स्थान और मोना खनूजा ने द्वितीय स्थान हासिल किया ।कार्यक्रम का आयोजन रिंकी खनूजा एवं किरण खनूजा के द्वारा किया गया जिसमें जसबीर कौर, हरप्रीत कौर, मेहर कौर ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में विशेष रूप से शिल्पी राजपाल ,पिंकी राजपाल ,हरजीत सवन्नी, सोनल सवन्नी, मंजीत बग्गा, कमल सवन्नी, सोनिया सेठी ,नीलम खनूजा, प्रियंका खनूजा, सोनल टुटेजा, स्वर्ण कौर , ऊषा खनूजा,नवनीत खनूजा,रीमा छाबड़ा सम्मिलित रहे।

## धरमपुरा में उमंग व हर्षोल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस



**धरमपुरा।** ग्राम पंचायत धरमपुरा में उमंग एवं हर्षोल्लास के स्वतंत्रता दिवस का पर्व साथ मनाया गया। पंचायत भवन, प्राथमिक पाठ शाला, मिडिल स्कूल, हाई स्कूल में सरपंच रानी अजय गोस्वामी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर श्रीमति गोस्वामी ने कहा कि, हमें स्वाधीनता सहजता से नहीं मिली है, हमारे देशभक्तों ने अपने प्राणों के बलिदान दिए है, तब जाकर हमें आजादी मिली है। इस मौके पर शहीदों का स्मरण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पंचयत प्रतिनिधि उप सरपंच योगेश्वर कश्यप, पंच प्रितु विश्वकर्मा, प्रकाश साहू, सोनू साहू, हरि प्रसाद , मुकेश शर्मा, रामु यादव, परमानंद चतुर्वेदी, राजा धृतलहरे, सचिव महेंद्र सिंह, प्रीतम जांगड़े, अजय गोस्वामी, प्रभात जांगड़े, श्यामा जोशी, हरतलाल यादव, सतीश जांगड़े, भोला, परमेश, बंटी यादव, निरंजन बंजारे, सुरेश निर्मलकर, रामनाथ चतुर्वेदी, धरमु मनहर सहित आंगनबाड़ी व महिला समूह के कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे।

## एलबीडी स्कूल में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

**करगीरोड कोटा।** एलबीडी इंटरनेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से



मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की सचिव एवं पूर्व पार्षद मनोरमा दीक्षित बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विद्यालय के निर्देशक आदित्य दीक्षित ने शहीदों की कुर्बानियों को याद करते हुए विद्यार्थियों से देश की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया। वहीं प्राचार्य मुकेश निर्मलकर ने विद्यार्थियों को अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने की प्रेरणा दी। प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां दी। ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के के बाद छात्रों ने गीत, नृत्य, भाषण और कविताओं के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों का फैंसी ड्रेस शो, आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा, जिसमें बच्चों ने झांसी की रानी, सैनिक, परी और भगवान कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में शिक्षकऔर अभिभावक भी शामिल हुए।

## गांव के प्रतिनिधियों ने तिरंगा फहरा कर मनाया स्वतंत्रता दिवस



**लालपुर।** क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत हरनाचाका में सरपंच नारायण सिंह राजपूत ने स्वतंत्रता दिवस के वास्तविकता का प्रदर्शन नए अंदाजा में किया। उन्होंने बच्चों का मनोबल बढ़ाने एवं देश प्रेम जागृत करने उन्हें कम्पास बॉक्स प्रदान कर स्वतंत्रता दिवस के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर पंकज सिंह राजपूत, मनी सिंग, कपिस निर्मलकर, रोहित बरेठ, रामकुमार सिंह, दाऊ सिंग, दुर्गेश, गोपाल, राजेंद्र, करण सिंह, तरुण जितेंद्र, जगदीश जांगड़े, नवीन, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे। बांधा में सरपंच राम गुलाम के मार्गदर्शन में ध्वजारोहण किया गया, वहीं बिजराकापा कला में सरपंच हेमलता विजय मरकाम के नेतृत्व में गांव के सभी शैक्षिक संस्थानों में झंडा फहराया गया। सेमरसल में सरपंच छोटू नवरंग के कुशल नेतृत्व में ध्वजारोहण हुआ, जहां बालू कश्यप, सुरेश कश्यप, अनिल कश्यप, भूषण कश्यप, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि भानु कश्यप, रोशन साहू, दशरथ, दुर्गेश कुमार, देश राज, उत्तम कुमार के उपस्थित रहे।

# जगह-जगह मना स्वतंत्रता दिवस, शासकीय सेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

## छत्तीसगढ़ को संवारने निरंतर आगे बढ़ रही सरकारः कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुरुकुल खेल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। समारोह के मुख्य अतिथि धरमलाल कौशिक ने कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत एवं परेड कमांडर भुपेंद्र कुर्रे के साथ सुसज्जित निरीक्षण वाहन में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

इस मौके पर श्री कौशिक ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई, सुरक्षा, संचार, अधोसंरचना, नवाचार, सामाजिक क्षेत्र सहित प्रदेश के चहुंमुखी विकास की अभूतपूर्व उपलब्धियों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश का वाचन कर जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को संवारने के लिए आप सभी के सहयोग से हम दृढ़ संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। समारोह में शांति एवं सद्भावना के प्रतीक के रूप में केसरिया, सफेद एवं हरे रंग के गुब्बारों के गुच्छे खुले आसमान में छोड़े गए। राष्ट्रगान की धुन पर जिला पुलिस बल ने तीन राउंड हर्ष फायर किया गया।



समारोह में परेड की सलामी लेते विधायक धरमलाल।

समारोह में परेड की टुकड़ियों ने सधे हुए और कदम-ताल मिलाते हुए शानदार मार्च पास्ट किया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। मुख्य अतिथि ने सभी प्लाटून कमांडरों से परिचय प्राप्त किया, और उनके साथ फोटो सेशन कराया। परेड में जिला पुलिस बल, वन विभाग बल, राष्ट्रीय कैडेट कोर, रेडक्रॉस, रोवर, राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट, स्काउट रेंजर, स्काउट गाइड्स की टुकड़ियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि श्री कौशिक ने समारोह में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए स्वर्गीय शिव नारायण सिंह बघेल के परिवारजनों को सम्मानित किया। समारोह में देश प्रेम, बलिदान और संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की स्कूली बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। सास्कृतिक कार्यक्रम में मिश्री देवी कन्या विद्यालय गौरेला को प्रथम, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डोंगरिया को द्वितीय और पीएमश्री कन्या उमा विद्यालय पेण्ड्रा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि ने समारोह में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 60 शासकीय सेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, जिपं अध्यक्ष समीरा पैकरा, नपा अध्यक्ष गौरेला मुकेश दुबे, उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा जनप्रतिनिधि नागरिक, अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल, जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में जिलेवासी उपस्थित थे।

## मुख्य समारोह में विधायक मोहले ने ली परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले जिला मुख्यालय मुंगेली स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने प्रातः 9 बजे मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि पुन्नूलाल मोहले ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दी।

मुख्य अतिथि ने शांति, हर्षोल्लास एवं खुशहाली के प्रतीक तीन रंगों के गुब्बारों को उन्मुक्त आसमान की ओर छोड़े। सशस्त्र गार्ड द्वारा हर्ष फायर किया गया। परेड कमांडर रक्षित कमांडर ख्रिस्ट नरगिस तिग्गा बघेल एवं परेड उप कमांडर कार्तिकेश्वर जांगड़े के नेतृत्व में 12 प्लाटूनों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। वहीं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से पीटी का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में जिला पुलिस बल के बैंड द्वारा



परेड की सलामी लेते मुख्य अतिथि।

देशभक्ति धुन आकर्षण का केन्द्र था। समारोह में विधायक श्री मोहले ने जिले के वीर शहीदों के शहादत को नमन करते हुए उनके परिजनों को सम्मानित किया। उन्होंने शहीद धनंजय सिंह राजपूत, छत्रधारी जांगड़े, आर. आनंद सिंह राठौर, संतोष पहारे, नरेन्द्र साहू, प्लाटून कमांडर राजकुमार कश्यप के परिवारजनों को शाल और श्रीफल प्रदान किया और कुशलक्षेम पूछा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज जिला स्तरीय मुख्य समारोह में विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, रेम्बो मेमोरियल अंग्रेजी माध्यम स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला करही, पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा, लोरमी वनांचल क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और मनमोहक प्रस्तुति दी, इनमें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल ने प्रथम स्थान, लोरमी वनांचल क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने द्वितीय स्थान और शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला करही ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि श्री मोहले ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के 103 अधिकारी-कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

## आईपीएस में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस




**बिलासपुर।** रतनपुर स्थित इंटेलिजेंट पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य सुधीश वर्मा सर द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान से हुआ। इस अवसर पर संस्थान की निदेशिका निधि चंदेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते स्वतंत्रता के महत्त्व को समझाते हुए सेल्फ स्टडी के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित भाषण, गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए। इनमें से कक्षा 12वीं की छात्रा अदिति सोनी के गीत ने सभी का मन मोह लिया। अंत में लाजेस्वरी बिसेन द्वारा कार्यक्रम के समापन घोषणा की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## तिरंगा हमारे शौर्य का प्रतीकः अटल

**बिलासपुर।** धार्मिक नगरी रतनपुर में पहली बार स्वतंत्रता दिवस पर किसी स्थानीय विधायक ने झण्डा फहराया है। 79वें स्वतंत्रता दिवस पर क्षेत्रिय विधायक अटल श्रीवास्तव ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तत्वावधान में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर रतनपुर के महामाया चौक में बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता रतनपुर की आम नागरिक पार्षद पूर्व पार्षद जिला कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस सेक्टर बूथ जोन के कार्यकर्ता महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के पदाधिकारी शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अटल श्रीवास्तव कार्यक्रम के अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी सुभाष अग्रवाल विशिष्ट अतिथि मिलन सिंह मरावी रूद्र कुमार गुप्ता रामरतन भारद्वाज गणेसिया बाई सारथी सोभा दुबे ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक अटल श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा हमारी हमारे शौर्य का प्रतीक है। कार्यक्रम का मंच संचालन संजय जासवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन ब्लॉक समन्वयक नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी शीतल जायसवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगोपाल कहरा पार्षद पुष्पकांत कश्यप ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष यासीन अली पार्षद सुनील अग्रवाल रामफल श्रीवास अभिषेक मिश्रा आशीष शर्मा शिवानंद पाण्डेय



दुःखीराम सोनी वाजिर खान पार्षद अर्चना सोनी राजा रावत रवि रावत रियाज खोखर ताहिर अली पूर्णिमा वैष्णव आशा सूर्यवंशी नीलिमा सिंह सुशीला मानिकपुरी राजू श्रीवास संजय कोशले कृष्णा डगरजी रॉकी अनुरागी राम निहोरा कमलसेन दीपक दुबे संतोष सोनी जितेन्द्र चंदेल देवकुमार थवाईत कृष्णा थवाईत अजय पाटले सुरेश सूर्यवंशी दसरथ सूर्यवंशी निरजा एजाज बेग बीनू जासवाल राम रतन छत्रवानी बेदराम धीवर मानस ताम्रकार अविनास श्रीवास सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बोदरी नपा में अध्यक्ष ने फहराया झण्डा

**बिलासपुर।** स्वतंत्रता दिवस पर नगर पालिका बोदरी की प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा द्वारा नगर पालिका कार्यालय में झंडा फरहाया। नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा वार्ड 7 बालक शासकीय विद्यालय, अनुराग विद्या मंदिर व पूज्य सिंधी समाज धर्मशाला में झण्डा रोहण किया। इस अवसर पर नगर पालिका बोदरी उपाध्यक्ष शिमला वर्मा, सभापति भावना खत्री, सभापति प्रीति मरावी,



सभापति फिरतुराम बनवारे, सभापति श्याम आर्य, सभापति विजय वर्मा, लक्ष्मी नारायण मरावी पार्षद रोहित साहू, जोहित राम धुरी, सुनील वर्मा ,आशीष खत्री, दीपक जगवानी, पार्षद अतुल ध्रुव, पार्षद मुकेश वाधवानी, रामेश्वर ध्रुव, दीपक वर्मा, अजय कलवानी, रवि खत्री व कार्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सेजेस पंधी में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस




**लगरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पंधी में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राधेश्याम मिश्रा एवं पंधी के सरपंच वीरेंद्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेजेस शाला पंन्धी प्राचार्य संजय शर्मा ने की। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण, कर्मा आदि गीतों पर मनमोहन नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में श्रीकांत धर दीवान, मोहन केवर्त, जोहन वस्त्रकार, बसंत पुरी गोस्वामी, रामायण पुरी गोस्वामी, ग्राम पंधी सरपंच वीरेंद्र साहू, लव यादव, ललित पटेल थानेश्वर पटेल उपस्थित थे। साथ ही सेजेस के अपर्णा त्रिपाठी, रोमा सरकार, अर्चना देवांगन, माधुरी कौशिक, सुरेश टाइगर, मधु मनहर, केशनी साहू, मॉली गुइन, मनोज गुरुदीवान, कमला चंद्रा, ओम प्रकाश दुबे, माधवी यादव, पूमा शाला से प्रधान पाठक सुनील पोपटानी, शिक्षक विजया कुर्रे, रूबी अरोरा, चानी एरी, अनीता साहू, ममता शर्मा, प्राथमिक शाला से प्रधान पाठक चंद्रकला श्रीवास, नेहा वर्मा, प्रतिभा जयसवाल एवं संकुल समन्वयक धर्मेंद्र कुमार गौरहा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय अभिभावक व नागरिक उपस्थित थे।

## विभिन्न स्कूलों में मना स्वतंत्रता दिवस समारोह



**लोरमी।** शासकीय उमा विद्यालय डोंगरिया, शासकीय प्राथ शाला जमुनाही, शासकीय प्राथ शाला शाला कंचनपुर डोंगरिया, बघनी भांवर, बघर्रा, कोसाबाड़ी, गोंडपारा डोंगरिया में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ के साथ मनाया गया। जमुनाही में ध्वजारोहण रामनाथ साहू ने किया। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति गीत, कविता सहित विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। शाला प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष मया राम निषाद, पंच समे लाल निषाद, रमेश निषाद, राजेन्द्र साहू, अशोक दास, कृष्णा निषाद, प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी, शिक्षिका लक्ष्मी ध्रुव, शिरोमणि साहू, रामकुमारी साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता की 79वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

**दगोरी।** आजादी की 79वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पंचायत भवन में ग्राम सरपंच मथुरा भारद्वाज ने झंडारोहण किया। उप सरपंच संतराम ध्रुव ने जनपद प्राथमिक शाला में झंडारोहण किया।

ग्राम पटेल ने गांधी चौक में झंडारोहण किया। साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला में संयुक्त रूप से सरपंच,जनपद पंचायत सभापति राजकुमार साहू, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेंद्र सन्नाट, शिवशंकर सन्नाट,समाज सेवी पूर्व अध्यक्ष दशरथ सन्नाट, पूर्व सरपंच गीता बाई घनश्याम कौशिक, खोर बहरा कौशिक, श्यामसुंदर सन्नाट, रामावतार यादव गुरुजी पंच प्राचार्य चंद्र भूषण टेकाम की उपस्तिथि में संपन्न हुआ। सोसायटी में अध्यक्ष कामता कौशिक द्वारा झंडा फहराया गया। सन्नाडय कुर्मी धर्मशाला में एडवोकेट श्यामता प्रसाद सन्नाट ने झंडारोहण किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में विधायक प्रतिनिधि बिंदा यादव, सरपंच, मेडिकल आफिसर डा मंजूलता वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। साथ ही पशु औषधालय, आयुर्वेदिक औषधालय, आंगनबाड़ी के साथ ही बजरंग चौक, रेलवे स्टेशन मोहल्ला, बाहर चौक, भवानी चौक इत्यादि चौक चौराहों पर भारत की आजादी की वर्षगांठ बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर डा श्रीमती आरती गायकवाड, ग्रामीण चिकित्सा सहायक शैलेंद्र श्रीवास्तव, एन एस ध्रुव,



सहित ग्राम के गणमान्य जनों में बलदाऊ कौशिक, कौशल ध्रुव, बहोरीक साहू, कौशल कौशिक, जनक केवट, हेतराम निषाद, रागेशवर कश्यप, तिजराम वर्मा, संजीव सन्नाट, आशा कौशिक, सुनीता वर्मा, पूर्णिमा सन्नाट, चंद्र मणि मिश्रा, नवीन मिश्रा, सनी कौशिक, राजा टंडन, रंजीत टंडन, नारायण भारद्वाज, श्यामा गौरी निषाद, परमेश्वर निषाद, उमेश साहू, उर्मिला कौशल निषाद, संजय साहू, होरिलाल साहू, सनत ध्रुव, शत्रुहान साहू, महंत विश्वनाथ दास सहित अन्य मौजूद थे।

### मल्हार में वरिष्ठजन का किया गया सम्मान

## नगर सहित पूरे अंचल में मनाया गया आजादी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

पुलिस सहायता केंद्र मल्हार में 79वां स्वतंत्रता दिवस एसपी बिलासपुर के निर्देशानुसार 'सियान जतन योजना' की तर्ज पर पर मनाया गया। ध्वजारोहण वरिष्ठ नागरिक रामायण प्रसाद पाण्डेय ने किया, केंद्र प्रभारी ओंकार धर दीवान के नेतृत्व में जवानों ने राष्ट्रीय ध्वज को सैल्यूट किया, राष्ट्रगान के पश्चात वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान गुलाब लगाकर पुष्पमाला पहना कर एवं मिठाई देकर कर किया गया।

कार्यक्रम में सेवानिवृत घनश्याम वर्मा, मन्नू सिंह चौहान, सदन लाल देवांगन, अकतराम सिन्हा, शेष नारायण गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश पाण्डेय, फिरतू राम देवांगन, गजपति लहरे, ईश्वर रेकवार, भारत लाल चौहान, रविन्द्र वैष्णव, लक्ष्मण प्रसाद कान्त, दिलीप पाण्डेय, दुखित राम केवट, अरुण केवट, राजेश पाण्डेय सहित 100 बुजुर्गों सहित युवक एवं बच्चे शामिल हुए।



### नपं कार्यालय में ध्वजारोहण

नगर पंचायत कार्यालय प्रांगण में अध्यक्ष धनेश्वरी केवट ने ध्वजारोहण किया एवं उपाध्यक्ष सुशील चौबे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में कमलेश सिंह ठाकुर, पीयूष पाटले, आशुतोष वर्मा, सपना मिथुन यादव, विष्णु कैवर्त, चंदू कैवर्त, सुजीत राजभानु, बीपी निषाद, एन पी साहू, मिथलेश श्रीवास धनेश्वर कैवर्त कमलेश साहू, रामेश्वर सोनी, विशाल चौहान, सहित नागरिकों की उपस्थिति रही। सीएमओ मनीष कुमार ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

### विभिन्न स्कूलों में ध्वजारोहण

इसी तरह शाउमा शाला में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नीतेश गुप्ता, पीएमश्री शाप्रा शाला एवं पूर्व माध्य शाला केवट पारा में नपं अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त, शासकीय बालक आश्रम में अधीक्षक पामेन्द्र कुमार कुर्रे, सरस्वती शिशु मंदिर में मुख्य अतिथि प्रेमलाल जायसवाल ने ध्वजारोहण किया। शास पूमा शाला कटहा में पंचों ने प्रभात फेरी निकाल कर झंडा फहराया।

## जीटीबी ग्रुप आफ कालेजेस व एनआईपीएसआर में मना स्वतंत्रता दिवस



**बिलासपुर।** फरहदा स्थित जीटीबी ग्रुप आफ कालेजेस व नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड रिसर्च में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष डॉ. पलक जायसवाल के मार्गदर्शन में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर नशा मुक्ति अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों और स्टाफ ने नशे के दुष्प्रभावों से समाज को मुक्त करने का संकल्प लिया। संस्कृत में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। अंत में सभी ने देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।


जय यादव
जय यादव
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
के पावन विशाल शोभा यात्रा में
आए सभी यदुवंशियों का
हार्दिक आभार ...
नन्दू यादव
हीरा यादव
अमित यादव
बबलू यादव
शिव यादव
विकेश यादव (लल्ला)
बजरंग यादव
विजय यादव
गौरीशंकर यादव
सतीश यादव
डॉ. राजेश यादव
राकेश यादव
नितेश यादव
सुनील यादव
सूरज यादव
टीकाराम यादव
पिन्टू यादव
विनीत : ANP कंस्ट्रक्शन एण्ड डेवलपर मंगला चौक, बिलासपुर


79th
स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संदीप साहू
सरपंच प्रतिनिधि
उपसरपंच/सचिव/पंचगण ग्रा.पं. बहतराई
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
उपसरपंच/सचिव/पंचगण ग्रा.पं. खजुरी
स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज तिवारी
उपसरपंच/सचिव/पंचगण ग्रा.पं. खजुरी नवागांव
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
उपसरपंच/सचिव/पंचगण ग्रा.पं. सागर
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
बलराम पटेल
सरपंच ग्रा. पं. लोखंडी
उपसरपंच/सचिव/पंचगण ग्रा.पं.लोखंडी
79वें
स्वतंत्रता दिवस
की शुभकामनाएं
श्रीमती सावित्री झिंकार
बलराम झिंकार
सरपंच प्रतिनिधि
उपसरपंच/सचिव/पंचगण ग्रा.पं. लिंध्यासर
स्वतंत्रता दिवस
किरण वस्त्रकार
उपसरपंच/सचिव/पंचगण ग्रा.पं. भरनी
15 अगस्त
श्रीमती विजय लक्ष्मी पाण्डेय
सरपंच ग्रा. पं. चोरभट्ठी खुर्द
उपसरपंच/सचिव/पंचगण ग्रा.पं. चोरभट्ठी खुर्द
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
उपसरपंच/सचिव/पंचगण ग्रा.पं. भरारी
स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं
79
HAPPY INDEPENDENCE DAY
15th August
श्रीमती रमा विश्राम कौशिक
सरपंच ग्रा. पं. बेलमुंडी
उपसरपंच/सचिव/पंचगण ग्रा.पं. बेलमुंडी
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जगत राम साहू
उपसरपंच/सचिव/पंचगण ग्रा.पं. परसदा
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
august
श्रीमती ऋचा दुबे
अनिल दुबे
सरपंच प्रतिनिधि
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
स्वतंत्रता दिवस
अलख राम निर्मलकर
सरपंच ग्रा. पं. लाखासार
उपसरपंच/सचिव/पंचगण ग्रा.पं. लाखासार
स्वतंत्रता दिवस
प्रमोद सूर्यवंशी
सरपंच ग्रा. पं. चिचिरदा
उपसरपंच/सचिव/पंचगण ग्रा.पं. चिचिरदा
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
गया प्रसाद साहू
सरपंच ग्रा. पं. जोंकी
उपसरपंच/सचिव/पंचगण ग्रा.पं. जोंकी
स्वतंत्रता दिवस
स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती द्रौपती धुव
सरपंच ग्रा. पं. बुटेना
लक्ष्मी प्रसाद खाण्डे
कार्यकारी अध्यक्ष
सरपंच संघ तखतपुर
सरपंच ग्रा. पं. पेंडारी
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मान. धर्मजीत सिंह जी
विधायक तखतपुर


नन्द के आनंद भयो, जय कन्हिया लाल की ॥ बृज में आनंद भयो, जय यशोदा लाल की । हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हिया लाल की ॥
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
"ईमानदार होने का अर्थ है हजार मनकों में अलग चमकने वाला हीरा"
शुद्ध घी, मक्खन, दूध, पनीर की विश्वसनीय प्रतिष्ठान
49 वर्षों से आपकी सेवारत
श्री कृष्ण डेयरी एण्ड क्रीमरी
सदर बाजार, उदल चौक, बिलासपुर 07752 223426
श्री सांई बाबा डेयरी एण्ड स्वीट्स
समस्त नगरवासियों को
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
गाय एवं भैंस का 100%
शुद्ध व ताजा दूध, शुद्ध घी (गाय एवं भैंस)
मक्खन, क्रीम, छेना, पनीर, दही (खट्टा एवं मीठा)
कुल्हड़ दही, श्रीखण्ड, चक्का, खोवा, काजू कतली,
कलाकंद, देशी घी गोंद लड्डू, ड्रायफ्रूट लड्डू,
काजू पिस्ता रोल, केसर पेड़ा, मलाई चाप छेना,
गोपाल भोग, मलाई रसगुल्ला हमेशा उपलब्ध हैं
स्पेशल पेड़ा एवं रबड़ी
शादी पार्टी के लिए आर्डर लिया जाता हैं
बाबजी पार्क (काम्प्लेक्स), रिंग रोड नं. 2
हरिभूमि प्रेस के सामने, बिलासपुर
फोन : 07752-403905, मो. 9827174664
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं...
Er. R.L.YADAV
YADAV & ASSOCIATES
OFFICE -Baima-Nagoi Road Khamtarai, Bilaspur (C.G.)
Mo. 9301292406, 07752-434953
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कन्हैया लाल यादव
चंद्रमणी यादव
गीता टेंट हाऊस
बुकिंग हेतु पता : महर्षि स्कूल रोड, मंगला बिलासपुर (छ.ग.)
संपर्क करें : 8965050315, 7067565865
॥ जय श्री कृष्ण ॥
॥ जय श्री कृष्ण ॥
श्री कृष्ण जन्माष्ठमी
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री गोपाल डेयरी एंड क्रीमरी
शुद्ध दूध, दही, घी, मक्खन, क्रीम, पनीर,
खोवा आदि के विक्रेता
सीपत रोड, अपोसिट साईड विजयापुरम, बिलासपुर
जगमल चौक, बिलासपुर (छ.ग.), मो. : 8720055550
पॉवर रिपर
बुकिंग कराने पर विशेष छूट
एस. एस. स्टील सेंटर
1/10 नेहरु कॉम्प्लेक्स, व्यापार विहार, बिलासपुर, (छ. ग.)
ब्रांच ऑफिस : अनुराग पेट्रोल पंप के सामने, मस्तूरी रोड, ढेका (छ. ग.)
9827478595/9425543733/9172106842
नोट : हमारी कोई ब्रांच नहीं है।
श्री कृष्ण जन्माष्ठमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
38 वर्षों से आपकी सेवा में...
गुप्ता डेयरी एवं डेलीनीड्स
कमल छाया, सीपत रोड, सरकण्डा, बिलासपुर
7489066303, 07752-422773
श्री गोपाल मेडिकल स्टोर
फोन : 07752-411773
श्याम फार्म हाउस
(गुड़ी)
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं...
जेपी मल्टी-स्पेशलिटी
आपकी सेहत, हमारी जिम्मेदारी
निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर
दिनः 17 अगस्त 2025
समयः सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक
निःशुल्क जांच सेवाएं उपलब्धः
• Free Pathology
• Free Medicine
FACILITIES:-
GENERAL MEDICINE
EMERGENCY
PHYSIOTHERAPY
LABORATORY
NORMAL DELIVERY
DIGITAL X-RAY
ULTRA SOUND
GEN. SURGERY
AMBULANCE
DENTAL
GYNAECOLOGIST
MEDICAL STORE
डॉ. शंकर शरण बाजपेयी
डॉ. राज कुमार अग्रवाल
डॉ. प्रतीक कश्यप
डॉ. तोनिषा दास
JP Multi-Specialty Hospital & Nursing Home
07752299550, 9907100604
Ganesh Nagar, Near Nayapara Chowk Over Bridge Hemu Nagar, Bilaspur
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं...
गुरूकृपा दंत चिकित्सालय
एण्ड इम्प्लान्ट सेन्टर
एक विश्वसनीय संस्थान
उपलब्ध सुविधायें
टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतो का ईलाज
उच्च स्तरीय डेंटल इम्प्लांट की सुविधा
फिक्स दांत लगाना
आधे टूटे दांतो का ईलाज
बायोप्सी की सुविधा
पायरिया का ईलाज
फिक्स बत्तीसी
कटे-फटे कानों की सिलाई
दर्द रहित रूट केनाल ट्रीटमेंट (Painless Treatment)
दांतो की सफाई
दांत के रंग की फिलिंग
टूटे जबड़े का ईलाज
बच्चों के दांतो का ईलाज
डॉ. हिमानी चौरसिया (खवाईत)
गवर्नमेंट डेन्टल कालेज रायपुर
पता : अयोध्या नगर, अमेरी चौंक, रिंग रोड नं. 2, बिलासपुर (छ.ग.)
Mobile No.: 9098371334, 9406211335
स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सबमर्सिबल पंप, पाईप पैनल बोर्ड
एवं फिटिंग की सुविधा उपलब्ध
फास्टरिंग एवं कैलिक्स मशीन द्वारा घर, खेत, प्लाट एवं
सभी जगह पर 5,6,7 एवं 8 इंच रेती, बजरी, बोल्डर में
बारिंग व सबसे कम दर पर बोर किये जाते हैं
प्रहलाद यादव
आर. डी. बोरवेल्स
संपर्क : आई.जी. आफिस रोड, नेहरु चौंक, बिलासपुर
दीन दयाल कॉम्प्लेक्स, मंगला, बिलासपुर
मो. : 9300324706, 9993649505


अनीता राजेंद्र शुक्ला
सदस्य जिला पंचायत बिलासपुर
बड़े भैय्या राजेन्द्र शुक्ला जी
पूर्व अध्यक्ष- जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण, बिलासपुर
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
डॉ. राजेश यादव (B.P.T.)
डायरेक्टर
NH
न्यू जनता हॉस्पिटल
शिव चौक, यदुनंदन नगर रोड, तिफरा, बिलापुर (छ.ग.)
मो. 9755568886

## खबर संक्षेप

### बिजली कनेक्शन को लेकर मारपीट, 7 गिरफ्तार




**बिलासपुर।** बिजली कनेक्शन को लेकर मिशन अस्पताल कंपाउंड के अंदर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।
सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 15 अगस्त को मिशन अस्पताल कंपाउंड के अंदर रहने वाले दो पक्षों के बीच बिजली कनेक्शन को लेकर विवाद हो गया, जिससे दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट कर दी। दोनों पक्ष रिपोर्ट लिखाने थाने आ गए। एक पक्ष पुलिस पर एक तरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाकर थाने के सामने चक्काजाम कर हंगामा मचाने लगा। उसके बाद पुलिस ने उन्हें समझाइश देकर उनकी भी रिपोर्ट लिखी। पुलिस ने दोनों पक्षों के मिथलेश सेनरी पिता रेबिसियन सेनरी 51 साल, नतीन सिंह पिता अख्तर 48 साल, प्रयास सहिस पिता आदुराम सहिस 29 साल, दिलीप धृतलहरे पिता अंजोर धृतलहरे 45 साल, रोहन धृतलहरे पिता दिलीप धृतलहरे 19 साल, रोहित धृतलहरे पिता दिलीप 19 साल को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया है।

### युवक पर चाकू से हमला करने वाले 2 गिरफ्तार



**बिलासपुर।** युवक पर चाकू से हमला करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मजेदार बात यह है कि मुख्य आरोपी गुण्डा बदमाश व अन्य को पुलिस नहीं पकड़ पाई है। ज्ञात हो कि 14 अगस्त की रात टिकरापारा निवासी राहुल गोस्वामी दोस्त बजरंग के साथ बुलेट क्रमांक सजी 10 बीएम, 7682 में 12 खोली रेलवे कालोनी गोपाल डेयरी से दही लेकर जा रहे थे। तितली चौक के आगे पुल के पास किसी काम से वे रूक गए। इसी दौरान जगन्नाथ मंदिर की ओर सिरगिट्टी क्षेत्र का गुण्डा बदमाश ईस्माइल खान, इमरान खान, कुणाल उर्फ युसूफ खान, शमी खान, रिजवान खान, अभय चौहान, गुलशन हाटलेस्कर, अमन तीन बाइक में सवार होकर आए और पुरानी रंजिश का हवाला देकर हत्या करने की नीयत से चाकू, स्टिक, पाइप बेल्ट से राहुल गोस्वामी पर हमला कर दिया था। घायल युवक को इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने राहुल गोस्वामी की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया था। पुलिस ने फरार हमलावर अभय चौहान पिता रंजीत चौहान 22 साल कंस्ट्रक्शन कालोनी तारबाहर, मोहम्मद युसूफ पिता मोहम्मद इकबाल 30 साल हेमूनगर नारायणी टावर फ्लैट नम्बर 213 निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। तीन थानों की पुलिस नहीं पकड़ पाई आरोपी इस्माइल खान सिरगिट्टी क्षेत्र का गुण्डा बदमाश है। पूर्व में 11 जुलाई को जेल परिसर में उसने अपने गैंग के साथियों के साथ घायल राहुल गोस्वामी के भाई व मां पर हिंदू संगठन का साथ देने का आरोप लगाकर चाकू से हमला कर दिया था। किसी मां बेटे ने अपनी जान बचाई थी। 14 अगस्त को तोरवा थाने के पास उसने अपने गैंग के साथियों के साथ राहुल पर चाकू से हमला कर दिया।

### घर में घुसकर ठेकेदार से मारपीट, जुर्म दर्ज



**बिलासपुर।** घर में घुसकर ठेकेदार से मारपीट करने वाले दंपती के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जेपी विहार मंगला निवासी मुकेश कुमार शर्मा पिता स्व. नेतराम शर्मा 10 अगस्त को रात 10.30 बजे अपने घर में पत्नी मीनाक्षी शर्मा को समझा रहे थे कि शिक्षिका नेहा पाण्डेय से तुम दूर रहो, उससे बातचीत मत किया करो। कुछ देर बात नेहा पाण्डेय व सोनू प्रकाश उनके घर आए और पूर्व के विवाद को लेकर मारपीट कर दिया है। पुलिस ने हमलावर नेहा पाण्डेय, सोनू प्रकाश के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।




**डाग बाइट के मामलों में बढ़ोतरी** यदि निगम कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण करेगा तो 1 करोड़ से अधिक खर्च होगा, निगम के पास फंड नहीं

# पालतू कुत्तों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, इसके बावजूद निगम के पास मौजूद नहीं डाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पालतू कुत्तों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होने के बावजूद नगर निगम के पास इसका कोई डेटा उपलब्ध नहीं है। नियमों के अनुसार, कुत्ता पालने की जानकारी निगम को देना आवश्यक है, लेकिन न तो कुत्ता पालने वाले मालिक यह जानकारी दे रहे हैं और न ही निगम प्रशासन इस पर कड़ाई कर रहा है। सिम्स और जिला अस्पताल में प्रतिदिन करीब 20 डाग बाइट के मरीज पहुंच रहे हैं, जिनमें अधिकांश पालतू कुत्तों के काटने के शिकार होते हैं। ध्यान रहे कि वर्ष 2017 में निगम ने आवारा कुत्तों का सर्वे किया था, तब 7 हजार आवारा कुत्ते थे, लेकिन अब निगम का दायरा बढ़ गया है। निगम में 3 निकाय और 15 पंचायत भी जुड़ गए हैं। ऐसे में 20 हजार के आसपास आवारा कुत्ते होने का अनुमान है। यदि निगम सारे आवारा कुत्तों की नसबंदी औ टीकाकरण करेगा तो 1 करोड़ से अधिक खर्च होगा, लेकिन निगम के पास फंड नहीं है।

आवारा और पालतू कुत्तों के हमलों ने शहरवासियों और नगर निगम दोनों के लिए चिंता बढ़ा दी है। आंकड़ों के अनुसार, बीते तीन वर्षों में मनुष्यों को कुत्तों के काटने के तीन हजार से अधिक मामले सामने आए हैं। कुछ मामलों में एफआईआर भी दर्ज हुई थी इसके बाद भी लेकिन रजिस्ट्रेशन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कुत्तों पर काम करने वाले मुन्ना कुमार के मुताबिक शहर में कुत्ता प्रेमी पिटबुल, राटवाइलर, जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर रिट्रीवर, डोबरमैन पिंशर, हस्कीगोल्डन रिट्रीवर जैसे नस्ल के कुत्ते पालते हैं।

### हिंसक हो चुके हैं कुत्ते

देखा जाए तो धीरे-धीरे शहर कुत्ते हिंसक भी होते जा रहे हैं। इसका आकलन इसी से लगाया जा सकता है कि हर दिन लोगों को कुत्ते काट रहे हैं। रात के समय आलम यह हो गया है कि सड़क पर आने जाने वालों को कुत्ते दौड़ाने तक लगे हैं। इसकी वजह से कई बार सड़क दुर्घटना भी हो रही है। कई बार निगम ने कुत्तों को पकड़कर आसपास के जंगल में छोड़ने की कोशिश की है। लेकिन, ये कुत्ते कुछ दिन में फिर शहर वापस आ जाते हैं। ऐसे में शहर से बाहर छोड़ने का भी कोई मतलब नहीं होता है और इनकी संख्या जस की तस बनी रहती है।



### संज्ञान लेकर हाईकोर्ट ने दिए थे निर्देश

सड़कों पर आवारा पशुओं और कुत्तों के उन्मुक्त विचरण एवं लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य सचिव को नोटिस जारी किया था। पूछा गया था प्रदेश के अस्पतालों में क्या व्यवस्था की गई है। साथ ही सड़क पर आवारा घूम रहे मवेशियों की रोकथाम एवं आवारा कुत्तों के नसबंदी के लिए शासन स्तर पर उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी भी मांगी गई थी। हाईकोर्ट ने पूर्व में भी सड़क पर घूम रहे आवारा पशुओं के उन्मुक्त विचरण विशेषकर कुत्तों के काटने की लगातार घटनाओं को लेकर चिंता जाहिर की गई थी।

### नसबंदी और टीकाकरण अभियान

नगर निगम के मुताबिक, शहर में प्रतिदिन आवारा कुत्तों की नसबंदी और रेबीज रोधी टीकाकरण किया जाता है। नसबंदी के बाद कुत्तों को तीन दिन तक डाग शेल्टर में रखकर उसी स्थान पर छोड़ दिया जाता है, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। दूसरी ओर रिहायशी इलाकों, बाजारों और स्कूल-कालेज के आसपास डाग बाइट के मामले आम हो चुके हैं। इसके बावजूद रोक नहीं है। इस बारे में निगम का कहना है कि नसबंदी और पकड़ने के अभियान में कुछ पशुप्रेमी अड़ंगा डालते हैं, जिससे काम की रफ्तार प्रभावित होती है। इसके बावजूद निगम प्रतिदिन अभियान जारी रखे हुए है। नगर निगम के नियमों के मुताबिक, कुत्ता पालने के लिए मालिकों को अनुमति लेना जरूरी है, लेकिन अधिकांश लोग बिना रजिस्ट्रेशन के ही कुत्ते पाल रहे हैं। इनमें देशी के साथ-साथ विदेशी नस्लें भी शामिल हैं।

**उमस भरी गर्मी के बीच बूंदाबांदी ने बढ़ाई मुसीबत**

# मौसम की मार, घर-घर बीमार, वायरल फीवर के चलते बिगड़ रही तबीयत



सिम्स में इलाज कराने पहुंचे मरीजों की लगी कतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मौसमी बीमारियों का प्रकोप एकाएक बढ़ चुका है, सर्दी, खांसी के बाद वायरल फीवर के चलते लोगों को अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। हालत यह है कि मरीज को 4 से 5 दिनों तक घर पर रहकर आराम करने की नौबत आ रही है।

सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की भरमार है, कारण यह है कि बारिश थमने के बाद वायरल बीमारियों का प्रकोप तेजी से फैल रहा है, एक के बाद एक घर में बीमार पड़ने का सिलसिला थम नहीं रहा है, ऐसे में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर जिले के बड़े अस्पतालों में लोबग इलाज कराने पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि इस दौरान बदन दर्द, खांसी, सर्दी और तेज बुखार आम समस्या है। इसके साथ ही एलर्जी और स्कीन की समस्या भी मरीजों में देखी जा रही है। डाक्टरों के अनुसार डायरिया, डेंगु और मलेरिया के केस हाल फिलहाल में कम हुए हैं, लेकिन वायरल बीमारी बढ़ चुकी है। लोगों को एतिहात बरतने की सलाह दी गई है।

### डाक्टरों की सलाह लेना बेहतर

इस मौसम में थोड़ी परेशानी बढ़ जाती है, लेकिन लोग स्वयं से दवा खा लेते हैं, जिससे समस्या विकराल रूप ले लेती है, एंटी बायोटिक दवा का इस्तेमाल कर शरीर के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, ऐसे में डाक्टरों से सलाह लेकर ही इलाज कराना बेहतर है।

### गर्मी और उमस से बढ़ी बैचेनी

गर्मी और उमस ने लोगों को परेशानी में डाल दिया है, अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री दर्ज किया गया, लेकिन सूरज की चमक के कारण गर्मी जीना मुहाल कर रही है। इस बीच कई बार बुंदाबांदी होने के कारण एक बार मौसम बदल रहा है। मौसम का बार-बार बदलना ही वायरल बीमारियों की जड़ बना हुआ है। डाक्टरों के द्वारा खाना पान में परहेज, संतुलित आहार लेने की सलाह दी जा रही है।

**देर रात तक पार्टी मनाने के बाद थाने में खर्राटे मारने लगे पुलिसकर्मी**

# हथकड़ी खोलकर भागा बलात्कार का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देर रात तक पार्टी मनाने के बाद कोनी थाने में पदस्थ नाइट ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी खर्राटे मारकर सो गए। इधर मौके का फायदा उठाकर बलात्कार व पाक्सो एक्ट का आरोपी हथकड़ी खोल कर भाग निकला। सुबह पुलिसकर्मी सोकर उठे तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। आसपास क्षेत्र में आरोपी की तलाश की गई। नहीं मिलने पर फरार आरोपी के खिलाफ अपराध कायम किया गया। मजेदार बात यह है कि दूसरे दिन भी पुलिस आरोपी को नहीं पकड़ पाई है।



- खुलकर सामने आई पुलिस की लापरवाही

कोनी पुलिस के अनुसार, अपराध क्रमांक 365 / 25 धारा 137, 2, 64, 2, 4, 6 पाक्सो एक्ट के मामले में मोपका गार्डन सिटी निवासी स्वरित सिंह पिता कमलेश्वर सिंह 20 साल को 14 अगस्त को गिरफ्तार कर थाने में रखा गया था। उसकी सुरक्षा में 15 अगस्त की सुबह 9 बजे आरक्षक रविशंकर जगत व प्रदीप पाव की ड्यूटी लगाई थी और मुंशी में प्रधान आरक्षक बालेश्वर प्रसाद तिवारी तैनात थे। सूत्रों के मुताबिक, रात में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों ने थाने के गार्ड रूम में रात 2 बजे तक पार्टी मनाया। उसके बाद खर्राटे मारकर सो गए। इधर एनओ अधिकारी क्षेत्र में चेकिंग पर निकल गए थे। पुलिसकर्मियों मदहोश देख आरोपी स्वरित सिंह हाथ में बंधे हथकड़ी को सरकाकर निकाल लिया और आराम से थाने से निकलकर भाग गया। सुबह पुलिसकर्मी सोकर उठे तो आरोपी के भाग जाने से होश उड़ गए और पैरों तले जमीन खिसक गई। उच्च अधिकारियों को आरोपी के भाग जाने की सूचना पर देकर आसपास क्षेत्र में खोजबीन की गई, किन्तु वह नहीं मिला। पुलिस ने मोहर्रिर प्रधान आरक्षक बालेश्वर तिवारी की रिपोर्ट पर फरार आरोपी स्वरित सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 262 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है। मजेदारबात यह है कि दूसरे दिन भी पुलिस फरार आरोपी को नहीं पकड़ पाई है।

### सिरगिट्टी के बाद भी नहीं सुधर रहे पुलिसकर्मी

पूर्व सिरगिट्टी थाना प्रभारी के लाइन अटैच होने पर क्षेत्र के एक चर्चित कबाड़ी के द्वारा फार्महाउस में विदाई पार्टी दी गई थी। जमकर शराबखोरी होने पर कुछ पुलिसकर्मियों के बीच विवाद हो गया। उसके बाद पुलिसकर्मी वर्दी में बीच सड़क में विवाद करने लगे थे। हालाकि एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विवादित पुलिसकर्मियों को सिरगिट्टी थाने से हटा दिया गया था। उसके बाद भी पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान शराबखोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

### हथकड़ी से हाथ निकालकर भागा

बलात्कार व पाक्सो एक्ट के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर थाने में रखा गया था। रात 3.30 बजे आरोपी हथकड़ी खिसकाकर भाग गया है। उसकी पतासाजी की जा रही है।

-राजेन्द्र जायसवाल
एडीनशल एसपी सिटी

# तहसीलदार काम पर लौटे तो पटवारियों ने किया आनलाइन काम का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक तरफ तहसीलदारों की हड़ताल समाप्त हुए अभी एक सप्ताह ही हुआ है, वहीं दूसरी तरफ शनिवार से पटवारियों ने आनलाइन कार्य का बहिष्कार कर दिया है। राज्य पटवारी संघ के आव्हान पर जिले के भी पटवारियों ने आवश्यक संसाधन समेत संसाधन भत्ता की मांग को लेकर आनलाइन काम का बहिष्कार कर दिया है।

- संसाधन समेत संसाधन भत्ता की मांग

पिछले दिनों तहसीलदारों ने अपनी मांग व समस्याओं को लेकर प्रदेश स्तर पर हड़ताल किया था। तहसीलदारों के हड़ताल चलते राजस्व विभाग का काफी कामकाज प्रभावित हुआ था। शासन स्तर पर बातचीत के बाद तहसीलदारों ने हड़ताल समाप्त कर दिया है और उनका हड़ताल समाप्त हुए अभी सप्ताहभर ही हुआ है, वहीं दूसरी तरफ आज से पटवारियों ने आनलाइन काम का बहिष्कार कर एक तरह से हड़ताल पर चले गए हैं। पटवारियों का कहना है कि वे मैनुअल कार्य करते रहेंगे, किन्तु आनलाइन काम नहीं करेंगे, जबकि उनका ज्यादतर काम आनलाइन ही है। वर्तमान में राजस्व विभाग में अधिकांश कार्य आनलाइन किया जा रहा है और सारे अभिलेख आनलाइन हो चुके हैं। अभिलेखों का अद्यतन कार्य भी आनलाइन किया जा रहा है। वर्ष 2017 से अभिलेखों को आनलाइन करने के लिए भुइयां एवं भू-नक्शा सॉफ्टवेयर लाया गया है। भुइयां के माध्यम से आम जनता को बी-वन, खसरा, नक्शा आदि सुगमता से प्राप्त हो रहा है। शासकीय भूमि की जानकारी, फसलों की जानकारी, नामांतरण की जानकारी देखा जा सकता है। इसके अलावा शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे एग्रीस्टेक, जियो रिफ्रेशिंग, कृषि संगणना आदि मोबाइल एप्प के माध्यम से किए जा रहे हैं। पटवारी संघ का कहना है कि इन सभी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पटवारियों के पास आवश्यक संसाधन जैसे कंप्यूटर, मोबाइल, इंटरनेट सर्वसुविधायुक्त कार्यालय का अभाव है, जिसके कारण कार्य प्रभावित होता है। शासन द्वारा पटवारियों को संसाधन भत्ता देने की घोषणा की गई है, किन्तु आज तक इस संबंध में कोई आदेश जारी नहीं हुआ है और न ही इसका लाभ पटवारियों को मिल पाया है। पटवारी संघ ने निर्णय लिया था कि 15 अगस्त संसाधन भत्ता नहीं मिलने की स्थिति में 16 अगस्त से आनलाइन कार्यो का बहिष्कार करेंगे, जिसके तहत पटवारियों ने शनिवार से आनलाइन काम करना बंद कर दिया है।



# अशांति फैलाने वाले 10 बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सिविल लाइन सीएसपी के नेतृत्व में बीती रात सिरगिट्टी व सिविल लाइन क्षेत्र में दबिश देकर अशांति फैलाने वाले 10 बदमाशों को पकड़कर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की कार्रवाई से हड़कंप मच हुआ है।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह ने सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट व बल के साथ संवेदनशील क्षेत्र में छापा मारकर सघन जांच की गई। देर रात संदिग्ध रूप से घूमते मिलने पर बदमाशों को पकड़कर पूछताछ कर तलाशी ली गई। इस तरह से रात में घूमने वाले 6 बदमाशों को पकड़ा गया है। उसके बाद सिविल लाइन क्षेत्र के मंगला धूरीपारा में दबिश देकर देर रात अशांति फैलाने वाले 4 बदमाशों को पकड़ा गया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया है। ज्ञात हो कि सीएसपी श्री परिहार सक्रिय होकर लगातार अपने क्षेत्र में आने वाले थानों के संवेदनशील इलाके में दबिश देकर गुण्डा बदमाशों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में लगे हुए है, जिससे बदमाशों में हड़कंप मचा हुआ है।



### पकड़े गए बदमाश

आकास विश्वकर्मा पिता फुग्गू 18 साल नायापारा, रजत दुबे पिता संतोष दुबे 21 साल गणेशनगर, मुल्तान खान पिता सुलेमान 25 साल गणेशनगर, लक्की नेताम पिता भरत नेताम 18 साल गणेशनगर, बाबी बजाज पिता भाउराम 25 साल नयापारा, दादू ध्रुव पिता राकेश ध्रुव 19 साल गणेशनगर, ईश्रार अली पिता शहजाद अली 42 साल धूरीपारा मंगला, सलीम अली पिता इनायत अली 46 साल धूरीपारा, आकास सोनवानी पिता छोटेलाल 20 साल धूरीपारा दीपेश चतुर्वेदी पिता फत्ते चतुर्वेदी 22 साल धूरीपारा

### बटनदार चाकू बेचते युवक गिरफ्तार

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस को सूचना मिली बुधवारी बाजार महेश स्वीट्स के बगल में एक व्यक्ति बटनदार चाकू रखकर बिक्री कर रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर चुचुहियापारा गणेशनगर निवासी शाहबाज अंसारी पिता सलीम खान 24 साल को पकड़कर 12 नग बटनदार चाकू बरामद किया है। पुलिस ने चाकू जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।




## सूने मकान से जेवर व नकद ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** टीआई के घर के पास एक सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर कीमती जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, गौरवपथ महाराणाप्रताप चौक चंदेला नगर निवासी जुगल किशोर तिवारी पिछले दिनों घर के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ हैदराबाद चले गए थे। 15 अगस्त को उनके घर में काम करने वाली नौकरानी ने उन्हें सूचना दी उनके घर में चोरी हो गई है। वे हैदराबाद आकर देखे तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और अंदर में सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। आलमारी से कीमती जेवर व नकद रकम चोरी हो गई थी। चोरी की वारदात से कालोनी में हड़कंप मच गया। उक्त मकान के पास में सिविल लाइन टीआई एसआर साहू रहते हैं। जानकारी मिलते ही उन्होंने मकान का मुआयना किया और स्टाफ को बुलाकर सुरक्षा के लिए कालोनी के प्रमुख जगहों में सीसीटीवी कैमरा की जांच कराई, किन्तु कोई भी दिखाई नहीं दे रहा है। टीआई का मकान होने से दिन भर पुलिस गाड़ी का आना जाना लगा रहता है। उसके बाद भी बेखौफ चोर आसानी से चोरी कर भाग गया और किसी को भनक नहीं लगी। श्री तिवारी के मकान के पास एक नए मकान बन रहा है, जहां बड़ी संख्या में मिस्त्री व मजदूर काम करने आते हैं। मजदूरों के द्वारा मकान की रेकी करने के बाद चोरी करने की आशंका जताई जा रही है।

